# वार्षिक प्रतिवेदन 2022—2023

## जिला पर्यावरण सुधार समिति




पैड पीरियड लीव की मुहिम का संस्था द्वारा पोस्टर का विमोचन कर करते
संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, उडिसा की रंजिता प्रियर्दशनी व महिला स्टाफ के द्वारा


**राजकीय बालक उच्च प्राथमिक [illegible] विद्यालय के पास, वार्ड न. 40 चूरू (राज.) 331001**

Tel. & Fax No. :- 01592-230952 E-mail:- jzpss_c1@yahoo.co.in,
jjnjzpss@gmail.com, childline1098churu@gmail.com
Website:-www.jzpss.org

# संस्थान का कार्यक्षेत्र



# सचिव की कलम से... ...

मेरे प्यारे साथियों,



संस्था झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति (पूर्व नाम) वर्तमान नाम जिला पर्यावरण सुधार समिति को इस वर्ष 5 वर्ष पूर्ण कर लिये है। यह सब आप सभी का सहयोग व आशीर्वाद का फल है। संस्था का 31 वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुये अत्यन्त हर्ष हो रहा है। 15 अगस्त 1991 में मैंने इस संस्था की स्थापना कर 17 फरवरी 1992 से वैधानिक रजिस्ट्रेशन करवाकर पर्यावरण के क्षैत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया। मुझे आभास हुआ कि समाज में और भी गंभीर मुददे है, जिन पर संस्था को कार्य करने की आवश्यकता है। वर्तमान में संस्था समाज के गंभीर मुददो को लेकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है, ताकि आम जन का सर्वागीण विकास हो सके। संस्थान भारत सरकार, राज्य सरकार व स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से समाज की भागीदारी से आम नागरीकों के जीवन में खुशी एंव समृद्वि लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

संस्थान के लिए वर्ष 2022–2023 काफी चुनौतीपूर्ण रहा लेकिन चुनौतियों के साथ–साथ अनेक उपलब्धियों भी प्राप्त करने का अवसर मिला। राज्य एंव जिला स्तर पर प्रशासन के साथ मिलकर काम करना तथा आम जन के साथ गहरा जुड़ाव संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि रही। संस्थान का प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है, सरकार तथा आमजन के मध्य कड़ी का काम करते हुये दोनो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कार्य मिल जाये।

संस्थान बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थय पोषण, आजीविका, पीने के पानी, शिक्षा, मातृ एंव शिशु स्वास्थय, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, पर्यावरण सरंक्षण, सड़क सुरक्षा तथा अनाथ एंव बेसहारा बच्चो, स्वच्छ भारत अभियान, हस्तशिल्पियों के साथ सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दो पर परियोजनाओ का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अपने संविधान एंव उद्देश्य के अनुरूप विभिन्न विषयों पर कार्य किया है। देश–प्रदेश व जिला स्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं विभागों के सहयोग व समन्वय तथा व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तरो पर संस्था की सुदृढ़ शाख बनी है। संस्था द्वारा किये गये कार्यो के लिए समय–समय पर संस्थान को जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाता रहा है, जिससे संस्थान को और भी मजबूती से समाज के लिए उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्थान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एंव परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्रीय, राज्य तथा झुंझुंनू, चुरू, सीकर, अजमेर व श्रीगंगानगर जिलो के प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसका में आभार प्रकट करता हूं साथ ही इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूं। में संस्था के समस्त सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ता के सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रदान के लिए आभारी हूं।

वर्ष 2022–2023 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्षो मे भीं सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर उनको सर्वागीण विकास करना हमारा ध्येय है। मैं पुनः सभी सहयोगीयों का तहेदिल से संस्था को 31 वर्ष पूर्ण होने पर आभार प्रकट करता हूं। हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

[illegible]
[illegible]

# ''राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2002–2003''
# युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
# ''राज्य स्तरीय गरिमा बालिका  संरक्षण पुरस्कार 2016''

भारत–सरकार व राज्य–सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No.  :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No.:- 125620017**
3. **PAN No.  :- AAATJ5362J**
4. **80G No.  :- J./06-07/1998/J.1**
5. **12A.  :- 204/15**
6. **Nyk No.  :- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
7. स्वैच्छिक क्षैत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र–प.4(12)स्वै.वि.के/आयो/13 /स.क.–195
8. महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः– **16**(1)(38)निमअ/09/सेप्र.–11
9. चिकित्साए वं स्वास्थय परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदत खाद्य सुरक्षा प्रमाण पत्र– 12217031000006 दिनांक 04.01.2017
10. **E.S.I. Act 1948 and Registration Employees Date 05-08-2016**
11. **Employees' Provident Fund Act, 1952 Date 07-09-2019**
12. **Sanstha Aadhar Number: - 8004760037000009**
13. **State Bank of India  :- 30616687773  IFSC CODE: - SBIN0006098**
14. **HDFC Bank  :- 13121450000217  IFSC CODE: - HDFC0001312**
15. **ICICI Bank  :- 671501700531  IFSC CODE: - ICIC00006715**
16. **PNB Bank  :- 06682010026720  IFSC CODE: - PUNB0066810**
17. **Radio Community center: - 91.2 Frequency "WOL LIC.No. NWW34320220600710"**
18. **Niti Aayog ID  :-**RJ/2009/0019506
19. **Voluntary Sector Development Center: - VSDC/2023/JAIPUR/74**

# संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित परियोजना में कार्यरत मानदेय कर्मियों की सूची

| क्र.सं. | नाम | योग्यता | पद | परियोजना का नाम | स्थान | फोन.नं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पन्ने सिंह | एम.ए. | जिला समन्वयक | चाईल्ड हैल्प लाईन 1098 | चुरू | 01562–250700 |
| 2. | श्री जयकरण | 12वीं | टीम मेंम्बर | | | |
| 3. | श्री किशन वर्मा | 12 वी | टीम मेंम्बर | | | |
| 4. | जयंत कुमार पाण्डे | बी.ए. | टीम मेंम्बर | | | |
| 5. | श्रीमती वर्षा कंवर | एम.ए. | टीम मेंम्बर | | | |
| 6. | श्री भंवर लाल मेघवाल | बी कॉम | टीम मेंम्बर | | | |
| 7. | श्रीमती भंवरी देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | शक्ति सदन | झुंझुंनू | 01592–230952 , 294134 |
| 8. | श्रीमती अनिता देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 9. | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 10. | श्रीमती धनपती देवी | 10 वी | गार्ड | | | |
| 11. | कुमारी रेखा चौधरी | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 12. | कुमारी नवीना कुमावत | एम.ए. | हैल्पर | | | |
| 13. | कुमारी स्याना | 10 वीं | हैल्पर | | | |
| 14. | श्रीमती सरोज मुण्ड | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | झुंझुंनू | 9414232917 |
| 15. | श्रीमती बिरमता | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | – |
| 16. | श्रीमती मोहनी देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर | 0145–2660355 |
| 17. | श्रीमती नीलू सैन | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 18. | श्रीमती भाग्य लक्ष्मी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | सीकर | 6376420035 |
| 19. | श्रीमती निर्मला देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 20. | श्री रामकरण | 8 वी | वाहन चालक | संस्था कार्यालय | झुंझुनूं | 9928771645 |
| 21. | श्री रामावतार पारीक | एम.ए.समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन, सीकर | सीकर | 9461544152 |
| 22. | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | ब्लॉक कोर्डिनेटर | | | 9799282898 |
| 23. | श्री संतोष सैनी | बी.ए. | ब्लॉक कोर्डिनेटर | | | – |
| 24. | श्री नरेश कुमार सैनी | बी.ए. | कोर्डिनेटर | लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम सीकर | सीकर | 9521479820 |
| 25. | ईमरान खान | एम.ए. | रेडियो जॉकी | कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन 91.2 | झुंझुनूं | 9462270256 |
| 26. | सुश्री दुर्गा माहीच | एलएलबी | केन्द्राधीक्षक | वन स्टॉप सखी सेन्टर | अजमेर | 9414130670 |
| 27. | श्रीमती अंकिता शर्मा | एलएलबी | परामर्शदाता | | | |
| 28. | श्रीमती प्रिती शर्मा | समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 29. | श्रीमती मोहनी देवी | समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 30. | श्री आलोक त्रिपाटी | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 31. | सुश्री निशा उदानिया | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 32. | सुश्री यामिनी शर्मा | आर.एस.आईटी | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 33. | नीरू ढलवाल | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 34. | श्रीमती सुधा देवी | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 35. | श्रीमती सोनू देवी | 10 वीं | हैल्पर | | | |
| 36. | श्री रामावतार अजमेरा | साक्षर | गार्ड | | | |
| 37. | श्रीमती उषा रानी | साक्षर | गार्ड | | | |
| 38. | रविन्द्र चौहान | साक्षर | गार्ड | | | |

# संस्थान द्वारा संचालित परियोजना एवं कार्यक्रमों का विवरण

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 के तहत मकर संक्राति के त्यौहार की पूर्व संध्या पर दिनांक 13 जनवरी 2023 को जिला कलेक्ट्री के सामने चाईनीज मांझे से दुपहिया वाहन चालको के गले के बचाव हेतू शहर के FM 91.2 रेडियों स्टेशन झुंझुनूं की पटिटका वितरण का शहर पुलिस अधिक्षक शंकर लाल छाबा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छाबा ने कहा कि यह मानवता को बचाने के लिए संस्था को अनुठी पहल है। यातायात प्रभारी धर्मेन्द्र मीना ने बताया कि मोबाईल के बीआईएस केयर एप है, जिसके इस्तेमाल से हैलमेट की पूरी जानकारी मिल जायेगी। इस अवसर पर संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक मोरारका, रेडियो जॉकी इमरान, लेखाकार भंवर लाल मेघवाल, श्रीमती अनिता देवी, रेखा कुमारी आदि उपस्थित थी।




दुपहिया वाहनो चालको को चाईनीजं मांझे से बचाने हेतू गले में पटिटका बांधते हुये शहर पुलिस अधिक्षक शंकर लाल छाबा

## किसानों का अन्तर्राज्यीय एक्सपोजर भ्रमण

राष्ट्रीय कृषि ओर ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से 25 किसानों का प्रौधोगिकी को अपनाने के लिए क्षमता निर्माण (सीएटी) एक्सोजर विजिट नीमकाथाना सीकर जिले से दिनांक 14 सितम्बर 2022 से 17 सितम्बर 2022 तक राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान (NDRI) करनाल हरियाणा का भ्रमण करवाया।

द्वितीय भ्रमण नाबार्ड के सहयोग से दिनांक 12 अक्टुबर 2023 से 15 अक्टुबर 2023 तक प्रौधोगिकी स्तर को अपनाने हेतू चुरू जिला मुख्यालय के 25 किसानों को राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा का भ्रमण किया।

तृतीय भ्रमण राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान (ICAR) नई दिल्ली दिनांक 28 नवम्बर 2022 से 01 दिसम्बर 2022 तक झुंझुनूं से 25 महिला किसानों का दल झुंझुनूं से रवाना हुआ इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक श्री राजेश मीना, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री विप्लव न्यौला, संस्था सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।




किसानो के भ्रमण दल का मुख्य अतिथियों द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये

## पेड पीरियड लीव हेतू जागरूकता कार्यक्रम

जिले में पैड पीरियड लीव की मुहिम की शुरूआत अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पैड पीरियड लीव मिशन की फांउडर उड़िसा निवासी रंजीता प्रियदर्शनी झुंझुनूं आई, जिनके निवदेन पर संस्था ने अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पैड पीरियड लीव की घोषणा की। संस्था में कार्यरत महिला स्टॉफ को एक माह में एक दिन का सवैतनिक अवकाश लागु किया गया। रंजीता प्रियदर्शनी ने इस मौके पर महिला स्टॉफ के साथ पैड पीरियड लीव के विषय पर चर्चा की। बताया कि वर्तमान में बिहार राज्य में सरकारी विभागों में पैड पीरियड लीव घोषित की गई। जंहा पर सरकारी महिलाओं को एक दिन का सवैतनिक पैड पीरियड लीव मिलती है। संस्था के सचिव ने बताया कि पुरे देश में संचालित शक्ति सदन, महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र, चाईल्ड हैल्प लाईन आदि योजनाओं पुरे देश में स्वंय सेवी संस्थाओं में जिला पर्यावरण सुधार समिति संस्था ही एक मात्र जिसने सवैतनिक पैड पीरियड लीव लागु की है।

## देश के संविधान की शपथ

दिनांक 26 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस के उपलक्ष में संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति के कार्यालय में भारत के संविधान के प्रति सभी कार्यकर्ता को संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने संविधान की शपथ दिलवाई, ओर बताया कि हमें संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के आर्देशो पर चलना चाहीए। बाबा साहेब जी ने हमे एक सशक्त संविधान देकर गए है। जिसके लिए आज पूरा देश उनका ऋणी है। इस अवसर पर शक्ति सदन की केन्द्राधीक्षक श्रीमती भंवरी देवी, एफएम 91.2 की रेडियो जोकी एडवोकेट श्रीमती पूनम शर्मा, नवीना कुमावत, श्रीमती धनपति देवी, संस्था लेखाकार भंवर लाल मेघवाल व मुकेश वर्मा उपस्थित थे।




## आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर स्कूली बच्चों को ड्रेस वितरण कार्यक्रम

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरमी में 50 स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस का विरतण किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक केन्द्र सरकार के आहवान पर हर घर तिरंगा लहराया जायेगा। इस अवसर पर स्कूल की प्राधानाचार्य श्रीमती किरण कुलहरि, व्याख्याता रामधन, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण गुप्ता व स्कूल स्टॉफ मौजूद थे।



## लघू उद्यमिता विकास कार्यक्रम (MEDP)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से सीकर जिले के नीमकाथाना में आचार पापड़, मसाला निर्माण से सम्बन्धित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 15 जुलाई 2022 से 29 जुलाई 2022 तक स्वंय सहायता समुहों की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसका शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दीवान व नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एम.एल. मीना द्वारा किया गया। जिसमें महिलाओं

द्वारा केर सांगरी, लेसवा, गाजर आदि का आचार, मंगोड़ी पापड़ व मसाला बनाने का उच्च स्तर के प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

इसी क्रम में श्रीमाधोपुर में सॉफ्ट टॉयज, खिलाने निर्माण का दिनांक 08 जुलाई 2022 से 22 जुलाई 2022 तक स्वंय सहायता समूहो की 30 महिलाओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया गया। परियोजना के समन्वयक राजकुमार कुमावत ने उपरोक्त प्रशिक्षण का फॉलोअप लेते हुये प्रशिक्षणार्थीयों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया ।





**सॉफ्ट टॉयज, व खिलाने निर्माण, केर सांगरी, लेसवा, गाजर, मंगोड़ी पापड़ व मसाला प्रशिक्षण लेती हुई महिलायें**

## आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा अनुदानित आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत चुरू जिला मुख्यालय की स्वंय सहायता समूहो की 90 महिलाओं में 30–30 महिलाओं के तीन बैच बनाकर बुंदी बंधेज का प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन के अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री राजेश मीना ने कहा कि महिलाऐं स्वरोजगार से जुड़कर अपना आर्थिक विकास कर सकती है। महिलाओं को प्रशिक्षण दिलवाकर उनको विभिन्न बैंको से ऋण उपलब्ध करवाकर रोजगार के साधन उपलब्ध करवाकर उनके उधोग–धन्धे स्थापित किये जायेगें।

प्रथम बैच दिनांक दिनांक 15 नवम्बर 2022 से 01 दिसम्बर 2022, द्वितीय बैच 15 दिसम्बर 2022 से 30 दिसम्बर 2022 तक व तृतीय बैच 17 जनवरी 2022 से 03 फरवरी 2023 तक तीनो बैचो का सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। 14 मार्च 2023 को सीकर जिले में प्रशिक्षित 30 महिलाओं का भ्रमण करवाकर वहां के उद्यमियों से रूबरू करवाया गया।





## स्वंय सहयता समूहो के पदाधिकारियों एंव सदस्यों का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से संस्था द्वारा संचालित शक्ति सदन में स्वंय सहायता समूहो की महिलाओं को बैंको से जुड़ी योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबधंक राजेश मीना ने बताया कि स्वंय सहायता समूह के लिए विभिन्न विभाग व बैकों में अनेको योजनाऐं है जिससे लाभान्वित होकर ऋण लेकर अपने आप को सशक्त बना सकते है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशफाक खान ने उपस्थित महिलाओं को समाज कल्याण से जुड़ी पालनहार, पेशंन व ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की है।





जिला विकास प्रबधंक श्री राजेश मीना महिलाओं को नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हूये

## नवजीवन योजना

सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग झुंझुनू व श्रीगंगानगर द्वारा श्रीगंगानगर की तहसिल अनुपगढ़ में राजस्थान प्रदेश में मुख्य मंत्री श्री अशोक गहलोत जी द्वारा चलाई गई नवजीवन योजना के तहत कंजर, सांसी, नट, भांड, ढोल, डोमिया, बावरिया, चौपदार, डोम, राणा मोगिया, बेडिया, भगेरिया, सिरकीवा, नायक व चौपदार आदि जातियों के सम्पूर्ण विकास हेतू झुंझुनू नगर परिषद, बुहाना, सिघांना पंचायत में उपरोक्त जातियों का चिन्हिकरण हेतू संस्था को अधिकृत किया गया। जिसके तहत संस्था द्वारा 400 व 350 परिवारों का चिन्हिकरण किया गया है।

## इन्दिरा रसोई योजना

श्री अशोक गहलोत, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा ''कोई भी भूखा न सोये" के संकल्प के इन्दिरा रसोई योजना का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत संस्थान द्वारा चूरू जिला मुख्यालय पर 03 इंदिरा रसोई का सञ्चालन किया जा रहा है। जिसमें लाभार्थी को 8 रूपये में एक स्थान पर बैठाकर शुद्ध, ताजा एवं पोष्टिक भोजन सम्मानपूर्वक कराया जाता है।

इसके आलावा विभिन्न समाज सेवी, उद्योगपति, नेतागण के द्वारा जन्मदिन, शादि समारोह, पुत्र/पुत्री जन्म, किसी विशेष दिन या किसी विशेष उत्सव पर इंद्रा रसोई पर निःशुल्क विशेष खाना खिलाया जाता है। इंदिरा रसोई में सभी आगंतुकों को संसथान द्वारा सम्मान पूर्वक बैठाकर खाना खिलाया जाता है, जिसमे साफ–सफाई, शुद्धता एवं पोषक भोजन का विशेष ख्याल जाता है।



इन्दिरा रसोई में भोजन करते आम जन

## संयुक्त देयता समूह (JLG)

संयुक्त देयता समूह (श्रस्ळ) नाबार्ड द्वारा लघु/सीमांत किसानों/किरायेदारों/मौखिक पट्टेदारों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा गैर–कृषि क्षेत्र में किसानों और सूक्ष्म उद्यमों को आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए नाबार्ड द्वारा प्रचारित एक योजना है, संस्थान द्वारा सीकर ज़िले में नाबार्ड के सहयोग से इस योजना का सञ्चालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत संस्थान को 200 संयुक्त देयता समूह के गठन का लक्ष्य दिया गया, जिसमे कुल 200 संयुक्त देयता समूह का गठन कर 200 समूहों को ऋण दिलवाकर नाबार्ड द्वारा दिये गये लक्ष्य को तय सीमा में पूर्व कर दिया गया। जिसके लिए संस्था को सचिव को नाबार्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

## शक्ति सदन

महिला एंव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग अभिशंषा से संस्था को पीड़ित व बिना आश्रित महिलाओं के लिए स्वाधार गृह योजना की स्वीकृति प्रदान हुई। जिसका नाम परिवर्तन कर ''शक्ति सदन'' कर दिया गया है। इस योजना का संस्था द्वारा दिनांक 18 मार्च 2020 को संचालन किया गया। जिसमें इस वित्तिय वष कुल 19 महिलाऐं व 12 बच्चो को आश्रय देकर 13 महिलायें व 11 बच्चों को पूर्नवास किया गया है।





(कच्ची बस्ती में शक्ति सदन (स्वाधार गृह) योजना के बारे में जानकारी देते स्टॉफ सदस्य व सिलाई सीखती आवासनी)

## चाईल्ड हैल्प लाईन 1098

संस्थान द्वारा चाईल्ड लाईन 1098 भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के चुरू जिले में संचालित की जा रही है।

इस वित्तिय वर्ष कुल 382 परिवाद आये जिनमें भिक्षावृति 17, जिनमें बाल विवाह 40,बाल मजदूर के 20, गुमशुदा 42, शिक्षा सम्बन्धित 17,दुर्व्यवहार 18, चिकित्सा संबधी 09, आश्रय गृह 02 व 217 अन्य परिवाद आयें है।

चाइल्डलाइन भारत की पहली 24 घंटे चलने वाली जरूरत मंद बच्चों के लिए ,निःशुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सहायता है, जिसकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए 1098 , टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं । हम केवल बच्चों की आपातकालीन जरूरतों के लिए जवाब देय नहीं है, बल्कि उनके लंबे समय तक देखभाल और पुनर्वास के लिए भी कार्य करते है।

चाइल्डलाइन निम्न के बच्चों की मदद के लिए कार्य करती है –

– स्ट्रीट बच्चों और सड़कों पर अकेले रहने वाले बच्चे
– बाल मजदूर असंगठित और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बच्चे
– घरेलू नौकर
– परिवार, स्कूलों या संस्थानों में शारीरिक / यौन /भावनात्मक दुरुपयोग से प्रभावित बच्चे ।
– बच्चे, जिन्हे भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन की जरूरत है
– व्यावसायिक यौन कर्मियों के बच्चे
– अवैध एवं देह व्यापार के शिकार बच्चे
– माता पिता या अभिभावक द्वारा परित्यक्त बच्चे
– गुम बच्चे

– बच्चे, जो मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार हैं
– विकलांग बच्चे
– कानून के साथ संघर्षरत बच्चे
– संस्थानों में काम करने वाले बच्चे
– मानसिक रूप से विकलांग बच्चे
– एचआईवी एड्स संक्रमित बच्चे
– संघर्ष और आपदा से प्रभावित बच्चे
– शरणार्थी बच्चे
– बच्चे, जिनके परिवार संकट में हैं।




ऑपन हाऊस के माध्यम से चाईल्ड हैल्पलाईन के बारे में जानकारी देते संस्था सचिव व अतिथिगण, स्वंतन्त्रता दिवस मनाते बच्चे

## महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र

महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र महिला पुलिस थाना झुन्झुनू, सीकर व अजमेर जिले में संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं का शोषण, अन्याय, घरेलू हिंसा आदि ऐसे अनेक अपराधो से बचाना तथा समझाईश व परामर्श के माध्यम से न्याय दिलवाना है। दिनांक 01 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2023 तक झुंझुनूं केन्द्र में वित्तिय वर्ष में कुल 154 प्रकरण प्राप्त हुये। जिनमें दहेज 19, घरेलू हिंसा के 108, डीआईआर 24, आश्रय 03, समझाईश सम्बन्धि 80 परिवाद आये। जिनमें 150 परिवादो का सफल निस्तारण कर दिया गया है। इसी प्रकार सीकर में 212 परिवाद आये जिनमें 210 परिवादों का सफलता पूर्वक निस्तारण कर दिया गया। अजमेर में संस्था द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में कुल 633 प्रकरण प्राप्त हुये जिनमें समझाईश से 308 प्रकरणो का समझौता करवाया गया, घरेलू हिंसा, शारीरिक हिंसा, भावनात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा, व दहेज सम्बन्धित परिवाद आये।







महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र में पीड़ित महिलाओं की समझाईश करती परामर्शदाता व सीकर केन्द्र जागरूकता कार्यशाला में महिलाओं को केन्द्र के बारे में जानकारी देती हुई परामर्शदाता

National Urban Livelihoods Mission
Ministry of Housing & Urban Poverty Alleviation

## दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)

संस्था द्वारा सीकर जिले में विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषद में भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा संचालित दीन दयाल अन्तोदय राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के अन्तर्गत शहरी गरीब, कचरा बीनने वाले, हस्तशिल्पि, रिक्शा चालक, फुटपाथ विक्रेताओं को स्वंय सहायता समूहों से जोड़कर बचत करना, बैंक से लेन–देन करना, रोजगार के लिए ऋण, बीमा आदि कार्य सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से विभिन्न गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाया गया व महिलाओ को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।




ग्रामीण महिलाओं को स्वंय सहायता समूह व राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन योजना के बारे में बताते संस्था के कार्यकर्ता

| दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन (DAY-NULM) के सौजन्य से गठित समूह | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नगर निकाय का नाम | समूह गठन | लाभान्वित सदस्या | रिवॉल्विग फण्ड वितरित | बैंक ऋण | ए.एल.एफ गठन व पंजीयन | ए.एल.एफ रिवॉल्विंग फण्ड |
| नगर परिषद सीकर | 25 | 250 | 25 | 07 | 04 | — |
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर | — | — | — | 01 | 01 | — |
| नगर पालिका नीमकथाना | 15 | 150 | 15 | 11 | - | |

संस्था द्वारा संचालित विभिन्न स्वंय सहायता समूहों में कुछ समूह स्वंय की बचत करने में अव्वल रहे है उक्त समूह अपनी बचत का अपने सदस्यों में ऋण देकर कम ब्याज पर अपनी आपसी जरूरतो को समय पर पूरा कर रहे है। अपना स्व रोजगार बढ़ाने के लिए तुरन्त ऋण राशि प्राप्त कर रहे जिससे समूह की महिलाओं के जीवन स्तर में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। समूह की महिलाऐं बच्चो की शिक्षा, स्वास्थय आदि पर समूह से उधार लेकर रूपये खर्च कर रही है। एंव अपने रोजगार को बढ़ा रही है। स्वंय सहायता समूह से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग प्राप्त हुआ है।

**सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजनाः**—सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से राज्य में वंचित वर्ग यथा बच्चों, दिव्यांग, भिखारी, बेघर, ट्रासजेंडर,नशें में संलिप्त व्यक्तियों एंव वृद्वजनों के कल्याण तथा अन्य सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था को राज्य सरकार द्वारा एसजीएसटी में छुट प्रदान की गई। जिसमें संस्था को व्हीकल, भूमि व योजना में खरीदी जाने वाली वस्तुओं में एसजीएसटी रिफण्ड करने का प्रावधान है।

## कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन FM 91.2

भारत सरकार के सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली से अधिकृत संस्था द्वारा जिला मुख्यालय पर कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन की स्थापना की गई। जिसका विधिवत संचालन दिनांक 10 अक्टुबर 2022 को कर **''आपणो रेडियो झुंझुनूं की आवाज''** नाम रखा गया। जिसकी लगभग 20 किलोमीटर तक सुना जा सकता है।

| Morning 6:00 AM | To Night 10:00 PM |
|---|---|
| **सुप्रभात** | **इन सब कार्यक्रमों के माध्यम आम जन से जुड़ी समस्या, देश के वीर सपुत सैनिकों से बातचीत, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान करना, समाज के ज्वलनशील मुद्दों पर बातचीत कर समाज से जाग्रति लाना, छात्र–छात्राओं को तकनीकि शिक्षा से सम्बन्धित संदेश प्रदान करना। साथ ही मनोरंजन करवाना।** |
| **सुपरहीट शो सिटी लाईव** | |
| **शोर्यगाथा** | |
| **एक मुलाकात** | |
| **यंगिस्तान** | |
| **सिटी आईकोन** | |
| **महिला सखी** | |
| **आपणी बोली–आपणो लोग** | |
| **यादों का कारंवा** | |

जिसमें अब तक, राजनीतिक, प्रशासनिक अधिकारी, बैंक कर्मी, समाजसेवी, शिक्षाविद्व, कला संस्कृति, चिकित्सा, खेल, कृषि आदि क्षैत्र से जुड़े हुये गणमान्य जन आये जिनमें राजस्थान सरकार के राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन महबुब दिवान चौपदार, कमलकातं शर्मा, पवन पुजारी, श्रीमती तेजस्वनी शर्मा, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग के अशफाक खान, सूचना एंव जनसर्म्पक अधिकारी हिमांशू सिंह, बैंक ऑफ बडौदा के लीड़ बैंक अधिकारी रतनलाल, मधुसुदन मलानी, के.के. गुप्ता, डॉ. दिलीप मोदी, डॉ0 श्रीमती भावना शर्मा, श्रीमती ममता जालानी, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती वन्दना शर्मा, श्रीमती विनिता जांगीड, आशा रायका, अनिता मालसरिया, गुंजन झाझड़िया, नोशाद खान, नेहा शर्मा, जाकीर अब्बासी, माणक मोठ मणी, जुनियर मोहम्मद रफीक, रमजान रिजवी, राकेश बालोदिया, मुकेश, पंकज सिवाणीवाल, अनन्या शर्मा, डॉ0 दीपक सोनी, डॉ0 कल्पित जांगीड, डॉ0 सुनीता लाम्बा, डॉ0 योगिता, डॉ0 नेमीचन्द आदि ने रेडियों पर होने वाले कार्यक्रमों में शख्सियतों ने अपने विचार व्यक्त किये।


Radio
91.2 FM

# संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमो की अखबार कटिंग

## जिला पर्यावरण सुधार समिति की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

आयुष-अंतिमा नेटवर्क



**झुंझुनू ( राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला )।** स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति की नव गठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक, कमरुद्दीन शाह की दरगाह के गद्दीनशीन ऐजाज नबी की अध्यक्षता में सम्पन हुई। इस अवसर पर ऐजाज नबी ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं पिछड़े गरीब निर्धन तक विकास की गंगा पहुंचाए। बैठक में संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने संस्था की प्रगति पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि संस्था अजमेर, सीकर व् झुंझुनू में महिला सुरक्षा व् सलाह केंद्र का संञ्चालन कर रही है। सीकर में संस्था नाबार्ड के साथ संयुक्त ददेयता समूह लघु उधमिता विकाश कार्यक्रम राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन चूरू में चाइल्ड हेल्प लाइन इंदिरा रसोई सड़क सुरक्षा व् नशा मुक्ति पर जागरूकता का कार्य झुंझुनू में सवाधार गृह राष्ट्रीय महिला कोष से महिलाओ को ऋण प्रदान करना अजमेर में सखी वन स्टॉप सेण्टर का संचालन कर रही है। संस्था की उपाध्यक्ष अधिवक्ता नोटेरी पब्लिक श्रीमती अंजू शर्मा ने बताया कि कुछ स्वार्थी लोग संस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहे है लेकिन हम सब संगठित रूप से काम करके संस्था को कमजोर नहीं होने देंगे। संस्था शीघ्र ही कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, ड्राइविंग, ट्रेनिंग सेण्टर, नशा मुक्ति केंद्र व् सड़क सुरक्षा पर एडवोकेसी प्रोग्राम बड़े स्तर पर प्रारंभ करेगी। कार्यक्रम में समिति के सदस्य रिटायर्ड प्रोफेसर असगर अली जोहिया चूरू, किशन वर्मा चूरू, करणीदान सेन सरदारशहर, मंजू शर्मा झुंझुनू, सुल्ताना बनो धनुरी कोषाध्यक्ष अभिषेक मोरारका आदि उपस्थित थे।

## पैड पीरियड लीव की मुहिम झुंझुनूं में शुरू



### उड़ीसा की रंजीता प्रियदर्शिनी झुंझुनूं आई

**झुंझुनूं** जिले में पैड पीरियड लीव की मुहिम की शुरूआत जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर की है। पैड पीरियड लीव मिशन की फाउंडर व उड़ीसा निवासी रंजीता प्रियदर्शनी बुधवार को झुंझुनूं पहुंची। जिनके निवेदन पर जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर इसकी घोषणा की। पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था अध्यक्ष एजाज नबी, उपाध्यक्ष एडवोकेट अंजू शर्मा, कार्याकारिणी सदस्य सुलताना बानो आदि ने रंजीता का स्वागत किया और उनके साथ विचारों व इस मिशन को साझा किया। इसके बाद संस्था ने तय किया है कि संस्था में कार्यरत महिला स्टाफ को एक माह में एक दिन का संवैतिक अवकाश दिया जाएगा। संस्था कोषाध्यक्ष अभिषेक मोरारका ने बताया कि रंजीता ने संस्था ही महिला स्टाफ के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की और बताया कि फिलहाल सिर्फ बिहार ऐसा राज्य है। जहां पर सरकारी महिला कर्मचारियों को एक दिन की पैड पीरियड लीव मिलती है। लेकिन वहां पर भी प्राइवेट और अर्द्ध सरकारी संस्थाओं के जरिए और संस्थाओं में कार्यरत महिला कर्मचारियों को एक दिन की पैड पीरियड लीव देने की मांग लगातार की जा रही है। वहीं वे पूरे देश में मिलकर ना केवल सरकारों से, बल्कि राजनैतिक पार्टियों से निवेदन कर रही है कि कम से कम एक दिन की पैड पीरियड लीव सभी महिला कर्मचारियों को मिलनी चाहिए। इस मौके पर राजेश अग्रवाल ने बताया कि देश में संचालित शक्ति सदन, महिला सुरक्षा सलाह केंद्र, चाइल्ड हेल्प लाइन व एफएम रेडिया में कार्यरत महिलाओं को पैड पीरियड लीव देने वाली जिल पर्यावरण सुधार समिति पहली संस्था बन गई है। साथ ही संस्था ने संकल्प लिया है कि इस कार्य के लिए और संस्थाओं को जागरूक करने के लिए भी पूरे राजस्थान में अभियान छेड़ा जाएगा। आपको बता दें कि पैड पीरियड लीव के तहत महिला कर्मचारियों को मानदेय के साथ एक दिन का अवकाश, अन्य मासिक व उत्सवी अवकाश के अतिरिक्त किया जाएगा।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रही है स्पेशल आचार

सलौना राजस्थान



**नीमकाथाना।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा नगर पालिका नीमकाथाना में संस्था द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्पेशल और शुद्ध मसाला पापड़ बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है संस्था के परियोजना समन्वयक राजकुमार कुमावत ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया है। प्रशिक्षण में कुल 30 महिलाएं जिनको प्रशिक्षित प्रशिक्षक द्वारा उच्च क्वालिटी और शुद्ध आचार जो स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम रहते हैं। इस प्रकार के आचार और पापड़ बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दीवान व नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एम एल मीणा द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2022 को किया गया था। परियोजना समन्वयक राज कुमार कुमावत ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी एवं मार्केटिंग में भी संस्था द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का पूरा सहयोग किया जाएगा जिससे महिला अधिक से अधिक आय प्राप्त करके आत्मनिर्भर बन सके।

## महिलाएं सीख रही हैं सॉफ्ट टॉयज बनाना



इंडिया प्राइम

**श्रीमाधोपुर ।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा आयोजित सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं खिलौने बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है परियोजना समन्वयक राजकुमार कुमावत ने बताया कि दिनांक 8 जुलाई 20 22 से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की 30 महिला प्रशिक्षणार्थी खिलौने बनाने का प्रशिक्षण ले रही है प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आज जनक गतिविधि से जोड़कर उनकी आजीविका को बढ़ाना है प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वरोजगार स्थापित करने वाली सभी महिलाओं को बैंकों के माध्यम से को लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को 15 दिवस तक नाबार्ड के सहयोग से ?50 प्रति दिवस का प्रशिक्षण भता भी संस्था द्वारा सीधा महिलाओं के बैंक खाते में दिया जाएगा।

## रेलवे स्टेशन पर बालमैत्री कक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया

भास्कर संवाददाता । चूरू

चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की ओर से रेलवे स्टेशन पर बालमैत्री कक्ष कियोस्क की स्थापना करेगी। इस कक्ष के माध्यम से छोटी-छोटी बातों पर बिना बताए घर से निकलने वाले छोटे बच्चों की सहायता की जाएगी तथा उनको परिजनों तक पहुंचाया जाएगा व संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के सदस्यों ने इस संबंध में रविवार को सांसद राहुल कस्वां से मुलाकात की तथा रेलवे स्टेशन पर बालमैत्री कक्ष कियोस्क लगाने के लिए रेलवे से अनुमति दिलाने की मांग की। सांसद ने हेल्प लाइन के सदस्यों ने बालमैत्री कक्ष के महत्व व हेल्प लाइन की योजना के बारे में जानकारी ली तथा इसे उपयोगी बताते हुए जल्द ही स्वीकृति का आश्वासन दिया।

**जिले के एक लाख बच्चों से जुड़ी है हेल्प लाइन :** चाइल्डहेल्प लाइन 1098 के करणीदान सैन ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन बच्चों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। बच्चों की देख-रेख और सहायता के लिए यह आपातकालीन सेवा नंबर 24 घंटे निशुल्क सेवा प्रदान कर रही है। 1098 नंबर के माध्यम से न केवल बच्चों को आपातकालीन मदद की जा रही है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल व जरूरत पड़ने पर पुनर्वास केन्द्र से भी जोड़ा जा रहा है। हेल्प लाइन अभी जिले के एक लाख से अधिक बच्चों से जुड़ी हुई है तथा उनकी देखरेख व संरक्षण कर रही है।

**रेलवे स्टेशन पर लावारिश हालत में मिलते हैं बच्चे :** चाइल्प हेल्प लाइन निदेशक राजेश अग्रवाल ने बताया कि घरों से निकलने वाले अधिकांश बच्चे रेलवे स्टेशन पर ही मिलते है। चूरू रेलवे स्टेशन पर गुमशुदा, घर से भागे हुए, लापता, अपहरण, तस्करी, परिवार या किसी सदस्य द्वारा अगवा, भिक्षावृति करने वाले, कचरा बीनने या फिर मजबूरी में घर के आगे हुए बच्चे मिल चुके है। घर से निकलने के बाद ये बच्चे बड़ी मुश्किलों में फंस जाते है तथा इनकी जिंदगी सड़कों पर गुजरती है। ऐसे बच्चों की मदद के लिए रेलवे स्टेशन पर बालमैत्री कक्ष की स्थापना की जा रही है, ताकि रेलवे स्टेशन पर लगातार निगरानी रखी जा सके तथा आंशका होने पर बच्चों को तत्काल रेस्क्यू कर गलत हाथों में जाने से बचाया जा सके।

हनुमानगढ़ संस्करण
बुधवार 16 नवम्बर 2022

# तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

Email: dainiktej@gmail.com

शेयर बाजार
सेंसेक्स 61,872.99 +248.84
निफ्टी 18,403.40 +74.25
डॉलर 80.97

हनुमानगढ़ का तापमान
न्यूनतम 13° अधिकतम 26°

## राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ




तेज. चूरू | जगदीश सोनी

पंखा सर्किल के पास जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह कि 30 महिलाओं को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बूंदी बंधेज के प्रशिक्षण कार्यक्रम का राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के जिलाधिकारी राजेश मीणा ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मीणा ने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपना आर्थिक विकास कर सकती हैं। कार्यक्रम में समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं को प्रशिक्षण व बैंकों से ऋण प्रदान करवाकर उनका सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। परियोजना के तहत चूरू शहर की कुल 90 महिलाओं को इस प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के पश्चात उद्यमिता भ्रमण कच्चे माल की उपलब्धता तैयार माल का विक्रय इस पर भी संस्था इन प्रशिक्षणार्थियों के साथ लंबे समय तक रहेगी कार्यक्रम में नवीना कुमावत वर्षा कंवर योगेश कुमार कुमावत का विशेष सहयोग रहा।

ऑनलाईन नोमिनेशन

## चाईनीज मांजे से बचावे के लिए बांटी गर्दन पट्टिका




हमारा गगन

**झुंझुनूं( चंद्रकांत बंका)** मकर सक्रांति की पूर्व संध्या पर जिला क्लेक्ट्रेट परिसर के सामने चाइनीज माँजे से दुपिया वाहन चालको के गले के बचाव हेतु झुंझुनूं शहर का 91.2 रेडियो स्टेशन झुंझुनूं की आवाज से आमजन के गले के बचाव हेतु गर्दन पट्टिका शहर पुलिस उप अधीक्षक शंकर लाल छाबा द्वारा वाहन चालको के गले पर लगाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छाबा ने कहा की यह मानवता को बचाने के लिए जिला पर्यावरण सुधार समिति की अनूठी पहल है, जिला जन संपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने कहा की एफ एम 91.2 का यह क्रांतिकारी कदम है दूसरी स्वंय सेवी संस्था को भविष्य के लिए भी प्रेरित करेगा, गला बचाकर एक अच्छा संदेश देंगे। यातायात प्रभारी धर्मेन्द्र मीना ने बताया की मोबाइल के बीआईएस केयर ऐप है, जिसमे आप को हेलमेट की पूरी जानकारी मिल जाएगी। इस अवसर पर संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक मोरारका, 91.2 एफएम के रेडियो जोकी इमरान खान, लेखाकार भँवर लाल मेघवाल, रेखा कुमारी, अनीता देवी, जिला जन जाग्रति संस्था के सचिव पारस सैन, सिया राम शर्मा आदि जन उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को बांटी ड्रेस



**झुंझुनूं,( हुक्मनामा समाचार )।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को किया जा रहा है। इसी क्रम में झुंझुनूं के बिरमी में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 50 स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस बांटी गई। इस मौके पर संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लगातार सामाजिक सरोकार के साथ-साथ देशप्रेम से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर बच्चों से कहा कि 13 से 15 अगस्त तक केंद्र सरकार के आह्वान पर हर घर पर तिरंगा लहराया जाएगा। वे भी अपने अपने घरों में तिरंगा लहराए। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती किरण कुलहरि, व्याख्यता रामधन, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण गुप्ता, आनंद कुमार सहायक प्रशानिक अधिकारी, बाबूलाल मीणा, संदीप चाहर एवं स्कूल स्टाफ आदि मौजूद थे। संस्था प्रधान श्रीमती किरण कुलहरि ने इस पुनित कार्य के लिए संस्था का आभार जताया।

# बाल मजदूरी भिक्षावृति पालनहार गुमशुदा बाल विवाह व मुशीबत में फसे बच्चों के लिए वरदान है चाईल्ड हैल्प लाईन



**चूरू।** नेहरू युवा केन्द्र के युवा जिला अधिकारी मंगल जाखड द्वारा चाईल्ड हैल्प लाईन चूरू की रिसोर्स ओरगोनाईजेशन की बैठक में व्यक्त किये ज्ञात रहे भारत सरकार के महिला एंव बाल विकास मंत्रालय द्वारा सम्पुर्ण भारत में संचालित 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे के लिए चाईल्ड लाईन इंडिया फाउण्डेशन के सहयोग से जिल मुख्यालय पर 2015 से चाईल्ड हैल्प लाईन संचालित की जा रही है। जिससे मे आज दिनांक तक 3542 परिवाद प्रकरण में से 3418 का निस्तारण कर बालको को राहत दिलाई गई। है। उपरोक्त जानकारी जिला समन्वयक पत्रे सिंह ने कार्यशाला में प्रदान की कार्यशाला में मुख्य वक्ता बाल कल्याण समिती के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट कैलाश शर्मा ने बातया की बच्चे ना समझ होते है अपना भला बुरा नही समझ सकते है। ऐसी स्थिती मे समाज के सभी वर्ग बच्चों का ध्यान रखते हुऐ शोषण से बचाये कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय वार्ड पार्षद सुशिला सुण्डा ने बताया की जनप्रतिनिधी बच्चो के लिए आगे आकर कार्य करेंगे तो बच्चो को मजबूती मिलेगी कार्यक्रम में काग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध मासुम व महेश कुमार मिश्रा काग्रेस के युवा नेता कपिल भाटी मनोनित पार्षद दिपिका सोनी चाईल्ड लाईन के किशन वर्मा जयकरण काटीवाल वर्षा कंवर जयंत पाण्डे आगंनबाडी कार्यकर्ता सुलोचना सैनी मिकु पाण्डे सामाजिक कार्यकर्ता भरत जागिड राधेश्याम राव गढ़ कोतवाली से बाल कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह कास्टेबल परशाराम उपस्थित थे अंत मे संस्था के सचिव व चाईल्ड लाईन के डायरेक्टर राजेश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान स्टटमन्ट



# एफएम रेडियो का संचालन देखा

( राजस्थान स्टेटमेन्ट )

**झुंझुनूं।** राजस्थान प्रदेश से स्काउट गाइड 6 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए आए छात्र–छात्रों को स्काउट गाइड के मास्टर ट्रेनर विकास गुर्जर द्वारा भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अधिकृत संस्था ज़िला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित झुंझुनूं शहर का प्रथम रेडियो स्टेशन आपणो रेडिया झुंझुनूं की आवाज 91.2 का भ्रमण करवाया। रेडियो स्टेशन के रेडियो जो कि इमरान द्वारा एफएम 91.2 मे स्वागत किया। इसके संचालन के बारे मे बताया कि इसको कितनी दूर तक सुन सकते है। किन किन विषयों पर प्रसारण किया जाता है। संस्था द्वारा संचालित शक्ति सदन की केंद्राधीक्षक भंवरी देवी द्वारा शक्ति सदन के बारे में बताया। स्काउट गाइड के छात्र–छात्रों ने एफएम रेडियो स्टेशन पर आकर खुशी जाहिर की और रेडियो स्टेशन पर आकर अपने मन की बात की स्काउट गाइड में ले रहे प्रशिक्षण के बारे में बताया।

# —:संस्था के पार्टनरः—
## वर्ष 2022—2023

1. सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. महिला एंव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
3. सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
4. महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
5. सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
6. बाल अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
7. राष्ट्रीय कृषि ओर ग्रामीण विकास बैंक, (नाबार्ड) जयपुर।
8. नगर निगम सीकर।
9. युनिसेफ।
10. वाघदरा स्वंय सेवी संस्था।
11. एलाईन्स ऑफ कम्यूनिटी रेडियो राजस्थान जयपुर।
12. स्थानीय जिला प्रशासन।
13. नेहरू युवा केन्द्र, झुंझुनूं व चुरू।
14. अम्बेडकर फाउंडेशन भारत सरकार नई दिल्ली।
15. बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) लखनऊ।
16. चाईल्ड लाईन इण्डिया फाउन्डेशन मुम्बुई।

**राजेश अग्रवाल**




केट एक्सपोजर विजिट नाबार्ड के सहयोग से नीमकाथाना के किसानो के दल को करनाल हेतू बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये सीकर जिला के सांसद सुमेधानन्द सरस्वती जी

# संस्थान का प्रशासनिक कार्यालय

**राजकीय बालिका महल प्राथमिक स्कूल के सामने, वार्ड न. 46 झुन्झुनू (राज.)**
**Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 294134**
**E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com**
**childline1098churu@gmail.com**
**Website:-www.jzpss.org**

## क्षेत्रीय कार्यालय

**चाईल्ड हेल्पलाईन 1098**
**सामुदायिक भवन के पीछे, अग्रसेन नगर, ज्योति नगर**
**चूरू (राज.)**
**फोन न. 01562–250700**
**Email-Id :- childline1098churu@gmail.com**

**पंसारी हवेली, अग्रवाल समाज के सामने,**
**रींगस बाजार, श्रीमाधोपुर जिला सीकर**
**फोन न. 9799282898**

अध्यक्ष
ऐजाज नबी
जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं

सचिव
राजशे अग्रवाल
जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं

# संस्था द्वारा संचालित योजनाओं में नियुक्त मानदेय कर्मियों की सूची

| क्र.सं. | नाम | योग्यता | पद | वेतन | नियुक्ति दिनांक | परियोजना का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पन्ने सिंह | एम.ए. | जिला समन्वयक | 14000.00 | 01-04-2018 | चाईल्ड हैल्प लाईन 1098 | चुरू |
| 2. | श्री जयकरण | 12वीं | टीम मेंम्बर | 8000.00 | 15-05-2015 | | |
| 3. | श्री किशन वर्मा | 12 वी | टीम मेंम्बर | 8000.00 | 01-11-2011 | | |
| 4. | जयंत कुमार पाण्डे | बी.ए. | टीम मेंम्बर | 8000.00 | 01-04-2022 | | |
| 5. | श्रीमती वर्षा कंवर | एम.ए. | टीम मेंम्बर | 10000.00 | 01-12-2019 | | |
| 6. | श्री भंवर लाल मेघवाल | बी कॉम | टीम मेंम्बर | 8000.000 | 01-04-2012 | | |
| 7. | श्रीमती भंवरी देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | 25000.00 | 01-04-2020 | शक्ति सदन | झुंझुंनू |
| 8. | श्रीमती अनिता देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 12000.00 | 01-04-2022 | | |
| 9. | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 20000.00 | 04-09-2012 | | |
| 10. | श्रीमती धनपती देवी | 10 वी | गार्ड | 9000.00 | 01-03-2020 | | |
| 11. | कुमारी रेखा चौधरी | 10 वीं | गार्ड | 9000.00 | 01-03-2020 | | |
| 12. | श्रीमती मधु कुमावत | एम.ए. | हैल्पर | 9000.00 | 08-09-2023 | | |
| 13. | कुमारी स्याना | 10 वीं | हैल्पर | 9000.00 | 01-03-2023 | | |
| 14. | श्रीमती सरोज मुण्ड | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 17000.00 | 01-11-2011 | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | झुंझुंनू |
| 15. | श्रीमती बिरमता | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 17000.00 | 01-04-2021 | | |
| 16. | श्रीमती मोहनी देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | 17000.00 | 01-12-2022 | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर |
| 17. | श्रीमती नीलू सैन | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 17000.00 | 01-12-2022 | | |
| 18. | श्रीमती भाग्य लक्ष्मी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 17000.00 | 01-06-2023 | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | सीकर |
| 19. | श्रीमती निर्मला देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 17000.00 | 01-06-2023 | | |
| 20. | श्री रामकरण | 8 वी | वाहन चालक | 17000.00 | 01-04-2021 | संस्था कार्यालय | झुंझुनूं |
| 21. | श्री रामावतार पारीक | एम.ए.समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | 25000.00 | 10-11-2011 | राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन, सीकर | सीकर |
| 22. | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | ब्लॉक कोर्डिनेटर | 25000.00 | 01-04-2007 | | |
| 23. | श्री संतोष सैनी | बी.ए. | ब्लॉक कोर्डिनेटर | 15000.00 | 10-05-2022 | | |
| 24. | श्री नरेश कुमार सैनी | बी.ए. | कोर्डिनेटर | 12000.00 | 01-12-2022 | लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम सीकर | सीकर |
| 25. | ईमरान खान | एम.ए. | रेडियो जॉकी | 16000.00 | 01-12-2022 | कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन 91.2 | झुंझुनूं |
| 26. | श्रीमती बबीता देवी | एलएलबी | केन्द्राधीक्षक | 18000.00 | 01-04-2023 | वन स्टॉप सखी सेन्टर | झुंझुनूं |
| 27. | श्रीमती जिनेश देवी | एलएलबी | परामर्शदाता | 14500.00 | 01-04-2023 | | |
| 28. | श्रीमती अंकिता चोधरी | समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 14500.00 | 01-04-2023 | | |
| 29. | श्रीमती सरोज योगी | समाजशास्त्र | परामर्शदाता | 14500.00 | 01-04-2023 | | |
| 30. | श्री राहुल कुमार | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 12000.00 | 01-04-2023 | | |
| 31. | श्रीमती प्रवीणा मीना | साक्षर | हैल्पर | 11000.00 | 01-04-2023 | | |
| 32. | श्रीमती शारदा देवी | साक्षर | हैल्पर | 11000.00 | 01-04-2023 | | |
| 33. | श्रीमती मुन्नी देवी | 10 वीं | हैल्पर | 11000.00 | 01-04-2023 | | |
| 34. | श्री पृथ्वी सिंह | साक्षर | गार्ड | 14000.00 | 01-04-2023 | | |
| 35. | श्री रतन लाल | साक्षर | गार्ड | 14000.00 | 01-04-2023 | | |
| 36. | श्री दीप सिंह | साक्षर | गार्ड | 14000.00 | 01-04-2023 | | |

**(राजेश अग्रवाल)**

# संस्था द्वारा संचालित योजनाओं में नियुक्त मानदेय कर्मियों की सूची

| क्र.सं. | नाम | योग्यता | पद | परियोजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पन्ने सिंह | एम.ए. | जिला समन्वयक | सुक्ष्म, आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम |
| 2. | श्री किशन वर्मा | 12 वी | टीम मेंम्बर | सुक्ष्म, आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम |
| 3. | श्रीमती वर्षा कंवर | एम.ए. | टीम मेंम्बर | सुक्ष्म, आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम |
| 4. | श्रीमती भंवरी देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | शक्ति सदन,झुंझुनूं |
| 5. | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | |
| 6. | कुमारी रेखा चौधरी | 10 वीं | गार्ड | |
| 7. | कुमारी स्याना | 10 वीं | हैल्पर | |
| 8. | श्रीमती मोहनी देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र अजमेर |
| 9. | श्रीमती नीलू सैन | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 10. | श्रीमती भाग्य लक्ष्मी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र सीकर |
| 11. | श्रीमती निर्मला देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 12. | श्रीमती राधा देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र लक्ष्मणगढ़ |
| 13. | श्रीमती तारामणी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 14. | श्रीमती कविता वैष्णव | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र, किशनगढ़ अजमेर |
| 15. | कुमारी खुशुबु | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 16. | श्रीमती गीता देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र, श्रीगंगानगर |
| 17. | श्रीमती सीतो देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 18. | श्री रामकरण | 8 वी | वाहन चालक | संस्था कार्यालय |
| 19. | श्री रामावतार पारीक | एम.ए.समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन, सीकर |
| 20. | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | ब्लॉक कोर्डिनेटर | |
| 21. | श्री संतोष सैनी | बी.ए. | ब्लॉक कोर्डिनेटर | |
| 22. | श्री नरेश कुमार सैनी | बी.ए. | कोर्डिनेटर | लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम सीकर |
| 23. | ईमरान खान | एम.ए. | रेडियो जॉकी | कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन 91.2 |
| 24. | श्रीमती बबीता देवी | एलएलबी | केन्द्राधीक्षक | वन स्टॉप सखी सेन्टर |
| 25. | श्रीमती जिनेश देवी | एलएलबी | परामर्शदाता | |
| 26. | श्रीमती अंकिता चोधरी | समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 27. | श्रीमती सरोज योगी | समाजशास्त्र | परामर्शदाता | |
| 28. | श्री राहुल कुमार | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | |
| 29. | श्रीमती प्रवीणा मीना | साक्षर | हैल्पर | |
| 30. | श्रीमती शारदा देवी | साक्षर | हैल्पर | |
| 31. | श्रीमती मुन्नी देवी | 10 वीं | हैल्पर | |
| 32. | श्री पृथ्वी सिंह | साक्षर | गार्ड | |
| 33. | श्री रतन लाल | साक्षर | गार्ड | |
| 34. | श्री दीप सिंह | साक्षर | गार्ड | |
| 35. | श्री कपिल गाडिया | एम. कॉम | वरिष्ट लेखाकार | संस्था कार्यालय, झुंझुनूं |

**(राजेश अग्रवाल)**